THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

FOOT-OVER BRIDGE AT BAHADURGARH RAILWAY STATION

2616. SHRI ABDUL GHANI DAR : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that it was represented in one of the meetings of the Divisional Railway Users Consultative Committee that a foot over bridge connecting platforms at first and second loop lines may be provided at Bahadurgarh Railway Station on Rohtak-Delhi Section;

(b) if so, the action taken thereon; and

(c) when the bridge is likely to be constructed ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) : (a) Yes.

(b) Administrative approval has been accorded for the work of provision of a second platform and a foot-over-bridge to connect the two platforms.

(c) The work is expected to be completed by the end of the year 1968-69.

गंगापुर स्टेशन में प्लेटफार्म पर शैड

2617. **श्री मीठा लाल मीना** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सभी यात्री तथा माल गाड़ियां गंगापुर सिटी स्टेशन (पश्चिम रेलवे) पर रुकती हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस स्टेशन के मुख्य प्लेटफार्म पर शैड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गयी है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) जी नहीं। हाल ही में प्लेटफार्म पर 200′×32′ की एक छत की व्यवस्था की गयी है।

(ग) सवाल नहीं उठता।

(घ) सवाल नहीं उठता।

हिन्डौन स्टेशन क्षेत्र में बाह्य (आउट) एजेंसी

2618. **श्री मीठा लाल मीना** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्डौन स्टेशन (पश्चिमी रेलवे) क्षेत्र में करौली स्थान पर रेलवे की एक बाह्य एजेंसी काम कर रही थी;

(ख) क्या अब इसको बन्द कर दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इसको पुनः कब खोला जा रहा है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :

(क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) इस आउट-ऐजेंसी को 31-5-1967 से इस लिए बन्द कर देना पड़ा क्योंकि ठेकेदार ने उसे अलाभप्रद पाया और वह अपने ठेके की अवधि से आगे उसे नहीं चलाना चाहता था। इसके लिए मार्च, 1967 में टेण्डर मांगे गये थे लेकिन कोई उपयुक्त ठेकेदार नहीं मिल सका।

(घ) जुलाई, 1967 में, इसके लिए फिर टेण्डर मांगे गये, लेकिन उस का भी कोई अच्छा परिणाम नहीं निकला। नये सिरे से पुनः टेण्डर मांगे जा रहे हैं और यदि इस आउट-ऐजेंसी को चलाने के लिए कोई उपयुक्त ठेकेदार आगे आया तो इसे फिर से खोल दिया जायेगा।